# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## दैनिक जागरण–दि0 14.11.2024

# लालपुर में बनेगी 4700 वर्गमीटर क्षेत्र में चार मंजिला लाइब्रेरी व कम्युनिटी हाल

## वरुणा किनारे के वार्ड में अवैध निर्माण रोकने को सुपरवाइजर संग तैनात होंगे पूर्व सैनिक

जागरण संवाददाता, वाराणसी : कमिश्नर कौशल राज शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण बोर्ड की 132वीं बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इसमें मुख्य तौर पर लालपुर लैंडमार्क टावर-3 के पीछे आरक्षित भूमि पर वीडीए की ओर से जी प्लस-4 तल का कम्युनिटी सेंटर व लाइब्रेरी का निर्माण शामिल है। 4700 वर्गमीटर में इसका निर्माण होगा। इस पर लगभग 25 करोड़ रुपये खर्च होंगे। बोर्ड ने यह भी तय किया कि वरुणा किनारे के वार्ड में अवैध निर्माण रोकने के लिए अब सुपरवाइजर के अतिरिक्त पूर्व सैनिक भी तैनात किए जाएंगे। इसी के साथ 300 वर्ग मीटर क्षेत्र के प्रत्येक गैर आवासीय बिल्डिंग के रिसेप्शन या एंट्री प्वाइंट पर प्राधिकरण से स्वीकृत नक्शा क्यूआर कोड के रूप में और स्वीकृति का सर्टिफिकेट लगाना आवश्यक होगा।

प्राधिकरण सभागार में बोर्ड की बैठक में इंग्लिशिया लाइन के जवाहर लाल नेहरू व्यावसायिक कांप्लेक्स पुनर्विकास को एनबीसीसी (नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कार्पोरेशन) संग हुए एमओयू को भी हरी झंडी दी गई। यह भी निर्णय लिया गया कि भू-स्वामी बिल्डर्स एग्रीमेंट के तहत अगर विकास कार्य भू-स्वामी से इतर कोई व्यक्ति कराएगा तो विकास प्राधिकरण अब उसे पक्षकार बनाते हुए उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 की धारा-27(1) अंतर्गत कार्यवाही करेगा। पहले बिल्डर्स मनमाने ढंग से निर्माण कराते थे और भू स्वामी की फसान होती थी। अब ऐसा नहीं हो सकेगा।

बोर्ड ने यह भी कहा कि प्राधिकरण की अनिस्तारित संपत्तियों को अब अलोकप्रिय घोषित करने के प्रस्ताव आने पर उक्त संपत्तियां की दर पर 30 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। खजुरी स्थित डीआइजी कालोनी में प्राधिकरण के अधिकारियों के लिए आवास भवन निर्माण करने और प्लाट संख्या-34 पर पुनर्निर्माण को बोर्ड ने अनुमोदित किया। इसकी स्वीकृति के बाद 10 आवास अधिकारी एवं कर्मचारी के लिए निर्मित हो सकेंगे।

लेआउट में स्वीकृत किए गए प्लाट्स पर शुल्क जमा करके आमेलन करने पर भी स्वीकृति दी गई। इससे बहुतायत को फायदा मिलेगा। एक स्थान पर दो प्लाट लेने वालों को अलग अलग प्रक्रिया नहीं करानी पड़ेगी। पेट्रोल पंप, पेट्रोल स्टेशन और होटल निर्माण के लिए भूखंड आकार मानकों में बदलाव का प्रस्ताव, वर्तमान में 250 मीटर भूखंड पर पेइंग गेस्ट निर्माण के मानकों में शिथिलता के संबंध में प्रस्ताव शासन को भेजने पर भी सहमति बनी।

**ट्रांसपोर्ट नगर के भूखंडों की बाजार कीमत जानेगा वीडीए:** टांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत नियोजित कुछ भूखंडों को आम जनमानस के मध्य ई-आक्शन के माध्यम से विक्रय किया जाएगा ताकि बाजार में रेट की जानकारी हो सके। बोर्ड ने यह भी तय किया कि पूर्व के आवेदकों से सहमति पत्र लिया जाए कि उसे किस साइज का प्लाट चाहिए।

**किराए पर आवंटित संपत्तियों के क्रय पर बीस प्रतिशत छूट:** विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक में किराए पर आवंटित संपत्तियों को क्रय करने के इच्छुक मूल आवंटियों को एकमुश्त भुगतान पर 20 प्रतिशत की छूट दिए जाने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। बताया जा रहा है कि इससे विकास प्राधिकरण को अच्छा राजस्व अर्जित होगा।



कमिश्नर व वाराणसी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष कौशल राज शर्मा बोर्ड की बैठक के बाद कार्मिक पुस्तिका विमोचन करते हुए • सूचना विभाग

### नवीनीकृत भवन का लोकार्पण, कार्मिक पुस्तिका का विमोचन

कमिश्नर व अध्यक्ष कौशल राज शर्मा ने प्राधिकरण के नए भवन का लोकार्पण किया। साथ ही मानकों के अनुसार भवन बनाए जाने के लाभ को जन-सामान्य तक पहुंचाने के लिए एक कामिक पुस्तिका का विमोचन किया। इस पुस्तिका के माध्यम से नागरिकों को भवन निर्माण से संबंधित नियमों और मानकों के बारे में सरल और प्रभावी जानकारी दी जाएगी।

**300** वर्गमीटर गैर आवासीय बिल्डिंग के एंट्री प्वाइंट पर लगाना होगा स्वीकृत नक्शे का क्यूआर कोड

### भवन निर्माण उपविधि-2023 व आइपीएमएस व जीएस का अनावरण

विकास प्राधिकरण द्वारा भवन निर्माण के नए नियम और दिशा-निर्देशों को निर्धारित करने के लिए भवन निर्माण उपविधि-2023 का अनावरण किया गया। इसी के साथ इंटीग्रेटेड प्रापर्टी मैनजमेंट सिस्टम (आइपीएमएस) और जियोट्रिक्स साफ्टवेयर का विमोचन किया गया। इस साफ्टवेयर से प्राधिकरण की संपत्तियों और भूमि का बेहतर प्रबंधन होगा। इससे कार्य में ईमानदारी व दक्षता आएगी। जियोट्रिक्स साफ्टवेयर द्वारा पूर्व वर्ष एवं इस वर्ष की सैटेलाइट इमेज को कंपेयर कर बिना नक्शा पास निर्माण चिह्नित होंगे।

### इनकी रही उपस्थिति

बोर्ड सदस्य प्रदीप अग्रहरि, अंबरीश सिंह भोला व साधना वेदांती, डीएम मीरजापुर प्रियंका निरंजन के साथ ही वीडीए के अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, नगर नियोजक प्रभात कुमार, संयुक्त सचिव परमानंद यादव, अधीक्षण अभियंता अजय पवार तथा एचडीएफसी बैंक के जोनल हेड मनीष टंडन, क्लस्टर हेड रोहित खन्ना, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे। संचालन वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा ने किया। उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने प्रस्तावों का प्रस्तुतीकरण किया।

न्यायाधीश—दि0 14.11.2024

# लालपुर में लैण्डमार्क टावर-3 के पीछे आरक्षित भूमि पर वीडीए बनायेगा कम्युनिटी सेन्टर

## इंगलिशिया लाईन में जवाहर लाल नेहरू व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स के पुनर्विकास हेतु एनबीसीसी के साथ एमएमओयू कराये जाने के प्रस्ताव को बोर्ड ने किया अनुमोदित



वाराणसी।वाराणसी विकास प्राधिकरण सभागार में वीडिए की 132वी बोर्ड की बैठक वाराणसी के मण्डलायुक्त/ अध्यक्ष, वाराणसी विकास प्राधिकरण कौशल राज शर्मा कीअध्यक्षता में प्राधिकरण सभागार में संपन हुई। बैठक की शुरुआत प्राधिकरण बोर्ड के सदस्यों को पौध भेंट किये जाने के साथ की हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई। बैठक मेंप्राधिकरण बोर्ड के माननीय सदस्य प्रदीप अग्रहरि, अम्बरीष सिंह (भोला) व साधना वेदांती, जिलाधिकारी मिर्जापुर प्रियंका निरंजन, के साथ ही वाराणसी विकास प्राधिकरण के अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, नगर नियोजक प्रभात कुमार, संयुक्त सचिव परमानंद यादव,अधीक्षण अभियन्ता अजय पवार तथा एचडीएफसी बैंक के जोनल हेड मनीष टंडन, क्लस्टर हेड रोहित खनन, संतोष कुमारआदि मौजूद रहे। संचालन वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा किया गया, जबकि उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा बोर्ड के समक्ष प्रस्तावों का प्रस्तुतिकरण किया गया।प्राधिकरण बोर्ड की बैठक दिनांक 13 नवम्बर, 2024 में रखे गए प्रमुख विषय / प्रस्ताव, जिन पर बोर्ड द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई, निमन्वत है ।भू-स्वामी बिल्डर्स एग्रीमेंट के तहत अगर विकास कार्य भू स्वामी से इतर व्यक्ति कराता है तो उसको वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा पक्षकार बनाते हुये उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवम विकास अधिनियम-1973 की धारा-27(1) के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी।वाराणसी विकास प्राधिकरण की अनिस्तारित संपत्तियों को अलोकप्रिय घोषित करने का प्रस्ताव।वाराणसी खजुरी स्थित डीआईजी कालोनी में वाराणसी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों हेतु आवास भवन का निर्माण करने और प्लॉट संख्या-34 पर पुनर्निर्माण का अनुमोदनवाराणसी विकास प्राधिकरण के लिए आमेलन नीति के संबंध मेंप्रस्तावभवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2008 में संशोधन के प्रस्ताव, जिसमें पेट्रोल पंप/पेट्रोल स्टेशन और होटल निर्माण के लिए भूखंड आकार मानकों में बदलाव का प्रस्ताव शामिल है।पेइंग गेस्ट के मानकों में शिथिलता के संबंध मेंप्रस्ताव।ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत नियोजित भूखंडो को आम जनमानस के माध्यम इ ऑक्शन के माध्यम से विक्रय किये जाने के पहले पूर्व के आवेदकों से सहमति पत्र प्राप्त किये जाने का प्रस्तावविकास प्राधिकरण की किराए पर आवंटित संपत्तियों को क्रय करने के इच्छुक मूल आवंटियों को एकमुश्त भुगतान पर 20 प्रतिशत की छूट दिए जाने का प्रस्ताव।बोर्ड बैठक के पश्चात् मानको के अनुसार भवन बनाए जाने के लाभ को जन-सामान्य तक पहुंचाने के लिए एक कॉमिक पुस्तिका का विमोचन किया गया। इस पुस्तिका के माध्यम से नागरिकों को भवन निर्माण से संबंधित नियमों और मानकों के बारे में सरल और प्रभावी जानकारी दी जाएगी।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## तरूणमित्र न्यूज–दि0 14.11.2024

# वीडीए की 132वीं बोर्ड बैठक मण्डलायुक्त/अध्यक्ष कौशल राज शर्मा की अध्यक्षता में हुई सम्पन्न

- *लालपुर में G+4 तल का कम्युनिटी सेन्टर एवं लाइब्रेरी बनेगा, एनबीसीसी के साथ एमएमओयू कराये जाने के प्रस्ताव को बोर्ड ने किया अनुमोदित*
- *भवन निर्माण उपविधि-2023 का अनावरण व IPMS और Geotrics Software का विमोचन किया गया*

तरुणमित्र न्यूज

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण सभागार में वीडीए की 132वीं बोर्ड की बैठक वाराणसी के मण्डलायुक्त/अध्यक्ष, वाराणसी विकास प्राधिकरण कौशल राज शर्मा की अध्यक्षता में प्राधिकरण सभागार में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत प्राधिकरण बोर्ड के सदस्यों को पौध भेंट किये जाने के साथ की हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई। संचालन वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा किया गया, जबकि उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा बोर्ड के समक्ष प्रस्तावों का प्रस्तुतिकरण किया गया।

प्राधिकरण बोर्ड की बैठक में रखे गए प्रमुख विषय / प्रस्ताव, जिन पर बोर्ड द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई उनमेंभू-स्वामी बिल्डर्स एग्रीमेंट के तहत अगर विकास कार्य भू स्वामी से इतर व्यक्ति कराता है तो उसको वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा पक्षकार बनाते हुये उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवम विकास अधिनियम-1973 की धारा-27(1) के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी।वाराणसी विकास प्राधिकरण की अनिस्तारित संपत्तियों को अलोकप्रिय घोषित करने का प्रस्ताव जिससे उक्त संपत्तियां की दर पर 30 प्रतिशत तक छूट दी जाएगी।वाराणसी खजुरी स्थित डीआईजी कालोनी में वाराणसी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों हेतु आवास भवन का निर्माण करने और प्लॉट संख्या-34 पर पुनर्निर्माण का अनुमोदन। जिससे 10 आवास अधिकारी एवं कर्मचारी के लिए बनकर तैयार हो जायेंगें। वाराणसी विकास प्राधिकरण के लिए आमेलन नीति के संबंध में प्रस्ताव जिस में लेआउट में स्वीकृत किए गए प्लॉट्स पर शुल्क जमा करके आमेलन करने पर स्वीकृति दी गई। भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2008 में संशोधन के प्रस्ताव, जिसमें पेट्रोल पंप/पेट्रोल स्टेशन और होटल निर्माण के लिए भूखंड आकार मानकों में बदलाव का प्रस्ताव शामिल है।विकास प्राधिकरण की किराए पर आवंटित संपत्तियों को क्रय करने के इच्छुक मूल आवंटियों को एकमुश्त भुगतानपर 20 प्रतिशत की छूट दिए जाने का प्रस्ताव स्वीकृत।बोर्ड बैठक प्रारम्भ होने से पूर्व वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा नवीनीकृत भवन का लोकार्पण मण्डलायुक्त, वाराणसी मण्डल/अध्यक्ष, वाराणसी विकास प्राधिकरण कौशल राज शर्मा द्वारा किया गया। बोर्ड बैठक के पश्चात् मानको के अनुसार भवन बनाए जाने के लाभ को जन-सामान्य तक पहुंचाने के लिए एक कॉमिक पुस्तिका का विमोचन किया गया। इस पुस्तिका के माध्यम से नागरिकों को भवन निर्माण से संबंधित नियमों और मानकों के बारे में सरल और प्रभावी जानकारी दी जाएगी। वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा भवन निर्माण के नए नियम और दिशा-निर्देशों को निर्धारित करने के लिए भवन निर्माण उपविधि-2023 का अनावरण भी किया गया। इस उपविधि में भवन निर्माण से संबंधित सभी मानकों का समावेश किया गया है, जिससे नागरिकों को बेहतर और सुरक्षित निर्माण सुनिश्चित हो सके।

कार्यक्रम के दौरान Integrated Property Management System (IPMS) और Geotrics Software का भी विमोचन किया गया। इन सॉफ्टवेयरों का उद्देश्य प्राधिकरण की संपत्तियों और भूमि का बेहतर प्रबंधन करना है, जिससे कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता आएगी। Geotrics सॉफ्टवेयर द्वारा पूर्व वर्ष एवं इस वर्ष की सैटेलाइट इमेज को कंपेयर कर बिना नक्शा पास किए गए निर्माण को चिन्हित किया जा सकेगा। बैठक में प्राधिकरण बोर्ड के सदस्य प्रदीप अग्रहरि, अम्बरीष सिंह (भोला) व साधना वेदांती, जिलाधिकारी मिर्जापुर प्रियंका निरंजन, के साथ ही वाराणसी विकास प्राधिकरण के अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, नगर नियोजक प्रभात कुमार, संयुक्त सचिव परमानंद यादव,अधीक्षण अभियन्ता अजय पवार तथा एचडीएफसी बैंक के जोनल हेड मनीष टंडन, क्लस्टर हेड रोहित खन्ना, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।



**वीडिए की बोर्ड बैठक में पुस्तिका का विमोचन करते मण्डलायुक्त कौशल राज शर्मा। इस दौरान डीएम मिर्जापुर प्रियंका निरंजन, वीडीए वीसी पुलकित गर्ग, सचिव डा. वेदप्रकाश, सदस्य अम्बरीश सिंह भोला, प्रदीप अग्रहरि, साधना वेदांती रहे मौजूद**

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 14.11.2024

## वी. डी. ए सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन

वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर वी0डी0ए, सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में प्रभात कुमार (टाउन प्लानर) एवं डॉ0 नम्रता जायसवाल (सीनियर हाइड्रोजियोलास्टि) की उपस्थिति में प्रवीन शर्मा निदेशक एवं सजल जैन प्रोजेक्ट हेड, अस्वत इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा वी0डी0ए सभागार में में वर्षा जल संचयन हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्वाचल रियल स्टेट एशोसिएशन, वाराणसी बिल्डर्स एवं डेवलपर्स एशोसिएशन एवं आर्किटेक्ट/इंजिनियर एशोसिएशन वाराणसी के सदस्य उपस्थित रहें। जिसमें काशी में गिरतें भू जल स्तर एवं विकास कार्यो हेतु भवनों में बिल्डरों द्वारा जल संचय कि अनिवार्यता पर बल दिया गया।



कार्यशाला में प्रस्तुती करण के दौरान अस्वत इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड कम्पनीं द्वारा पुरानी रेन हारवेस्टिंग सिस्टम प्रणाली के स्थान पर प्योर रेन हारवेस्टिंग सिस्टम के तहत बड़े छोटे फिल्टर प्रोटेबल टैंक स्थापित कर वर्षा का जल संचय का सुझाव दिया। एशोसिएशन के सदस्यों द्वारा ट्रिटेड जल द्वारा सार्वजनिक पार्क एवं बगीचों के सिचाई का प्रस्ताव दिया गया। एनवारियों एमपेरिकल (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी द्वारा फ्लो मीटर एवं पिजों मिटर का प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा भू–गर्भ विभाग द्वारा बोरवेल हेतु पंजिकरण एवं आनापति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु निर्देश दिये गये।